प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

25.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1945बजे

''मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर परिवार सहित किया पवित्र स्नान।
- प्रदेश में पटवारी व कानूनगो अपनी मांगो को लेकर आज से सामूहिक अवकाश पर– मांगे न माने जाने पर दी पैनडाउन हड़ताल की चेतावनी।
- राज्य परिवहन निगम ने शिमला व इसके आसपास चलने वाली टैक्सियों का किराया बढ़ाया– भाजपा ने की आलोचना।
- बड़ा देव कमरूनाग के मंडी पहुंचने के साथ ही आज से अंतर्राष्ट्रीय महाशिवरात्रि पर्व में देव समागम का हुआ पारम्परिक आगाज।

प्रयागराज स्नान

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज प्रयागराज महाकुम्भ में अपने परिजनों के साथ त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान कर पूजा अर्चना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री के परिजन और अन्य लोग भी उनके साथ थे। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता————

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज परिवार सहित प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान किया। मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी और देहरा की विधायक कमलेश ठाकुर, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा व प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने भी मुख्यमंत्री के साथ आस्था की डुबकी लगाई। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि महाकुंभ हमारी समृद्ध संस्कृति, आस्था और विश्वास को प्रतिबिंबित करता है।

दूसरी ओर प्रयागराज महाकुंभ से कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की दूरी का आरोप लगाते हुए विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मुख्यमंत्री की पहल का स्वागत किया है।

सामूहिक अवकाश

संयुक्त पटवारी व कानूनगो महासंघ ने अपनी मांगों को लेकर आज से 27 फरवरी तक सामूहिक अवकाश का ऐलान किया है। राजस्व विभाग के इन कर्मचारियों के अवकाश से आज कामकाज पर असर पड़ा है। पटवारियों को राज्य कैडर में शामिल करने के विरोध में महासंघ ने सामूहिक अवकाश का निर्णय लिया है। ऊना में एक बैठक के बाद महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सतीश चौधरी ने कहा कि ज़िला से राज्य कैडर में बदलने का फैसला पटवारियों के पक्ष में नहीं है।

जगत सिंह

इस बीच राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि विभिन्न ज़िलों में कर्मचारियों की संख्या को संतुलित करने के लिए ही राज्य सरकार ने पटवारियों का कैडर बदलने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सभी से बातचीत के बाद ही ये फैसला लिया गया है और इससे पटवारी व कानूनगो को दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष

विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा है कि चंबा ज़िले के चुवाड़ी में बहुउददेशीय खेल स्टेडियम का निर्माण जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने आज राजकीय स्नातकोतर महाविद्यालय चुवाड़ी के वार्षिक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। पठानिया ने बताया कि भटियात विधानसभा क्षेत्र में एक कौशल विश्वविद्यालय की स्थापना प्रस्तावित है। उन्होंने चुवाड़ी कॉलेज में अगले शैक्षणिक सत्र से बी.एस.सी. कम्प्यूटर सांईस की कक्षाएं शुरू करने का ऐलान भी किया। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष ने कॉलेज परिसर में 27 लाख रुपये से बनने वाले सांस्कृतिक मंच और वनस्पति उद्यान के निर्माण कार्य की आधारशिला रखी।

किराया वृद्धि

राज्य पथ परिवहन निगम ने शिमला और इसके आस पास के क्षेत्रों में चलने वाली निगम की टैक्सियों के किराये में 10 रुपये बढ़ौतरी की है। हालांकि वरिष्ठ नागरिकों से ये किराया पुरानी दरों पर ही लिया जाएगा। इसके अलावा संजौली और आई.जी.एम.सी. के बीच चलने वाले टैक्सियों पर भी बढ़ी हुई दरें लागू नहीं होंगी।

इस बीच विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने टैक्सी किराये में बढ़ौतरी करने पर राज्य सरकार की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार दिन–प्रतिदिन जनता विरोधी फैसले ले रही हैं।

देव समागम

बड़ा देव कमरूनाग के मंडी पहुंचने के साथ ही छोटी काशी में महाशिवरात्रि का देव समागम आज से शुरू हो गया है। मंडी पहुंचने पर बड़ा देव कमरूनाग ने राजमाधव राय मंदिर में हाजिरी भरी। कमरूनाग देवता अगले सात दिन तक टारना माता मंदिर में विराजमान रहेंगे। मंडी का अंतर्राष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव 27 फरवरी से भव्य शोभा यात्रा के साथ शुरू होगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पहली शोभा यात्रा में शिरकत करेंगे, जबकि राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल 5 मार्च को महोत्सव के समापन समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे मंडी ज़िला संवाददाता ................

महाशिवरात्रि

कल महाशिवरात्रि है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व प्रदेश में मनाए जाने वाले प्रमुख त्यौहारों में से एक है और इसके माध्यम से आपसी सौहार्द को बढ़ावा मिलता है।

इस बीच विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि पर्व की शुभमानाएं दी हैं।

शिवा प्रोजेक्ट

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने अधिकारियों को शिवा प्रोजेक्ट के तहत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज शिमला में इस परियोजना को लेकर अधिकारियों के साथ एक बैठक की और कहा कि कार्यों में देरी बर्दाशत नहीं की जाएगी। जगत सिंह नेगी ने कहा कि प्रदेश के सात ज़िलों में एक हजार दो सौ 92 करोड़ रुपये की महत्वकांक्षी शिवा परियोजना चलाई जा रही है और इसका उद्देश्य अमरूद, संतरा, लीची व पलम जैसे फलों की खेती को प्रोत्साहित कर किसान परिवारों को लाभान्वित करना है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रयागराज महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर परिवार सहित किया पवित्र स्नान।
- प्रदेश में पटवारी व कानूनगो अपनी मांगो को लेकर आज से सामूहिक अवकाश पर– मांगे न माने जाने पर दी पैनडाउन हड़ताल की चेतावनी।
- राज्य परिवहन निगम ने शिमला व इसके आसपास चलने वाली टैक्सियों का किराया बढ़ाया– भाजपा ने की आलोचना।
- बड़ा देव कमरूनाग के मंडी पहुंचने के साथ ही आज से अंतर्राष्ट्रीय महाशिवरात्रि पर्व में देव समागम का हुआ पारम्परिक आगाज।